

हम जैसे लोगों को इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, जिन लोगों के पास यह जिम्मेदारी है, उन्हें ही जवाब देना चाहिए, मुझे लगता है कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, हम हर किसी को खुश नहीं कर सकते। - कपिल देव

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, मोहम्मद सिराज को बाहर करने पर सेलेक्टर्स के बचाव में उतरने के बाद।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



लिटन दास

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच की पहली पारी में, लिटन दास ने विपक्षी टीम के 8 खिलाड़ियों को आउट करने में मदद की। उन्होंने 6 कैच पकड़े और 2 खिलाड़ियों को स्टंप किया। इसक साथ वो टेस्ट क्रिकेट के 149 साल के इतिहास में, वह एक ही पारी में इतने खिलाड़ियों को आउट करने वाले पहले विकेटकीपर बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के वसीम बारी के नाम था, जिन्होंने 1979 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 7 कैच पकड़े थे। लिटन ने अपने 60वें टेस्ट मैच में यह रिकॉर्ड बनाया।

क्या आप जानते हैं ?... वैभव सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर इतिहास रचा था। वह इस लीग में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने।

भारत वेलिंगटन टेस्ट में न्यूज़ीलैंड से आगे निकला, तीसरे दिन स्कोर 486/4, गिल शतक चूके, राहुल ने 136 रन बनाए

नई दिल्ली, 21 नवंबर। वेलिंगटन के मैदान पर खेले जा रहेपहले टेस्ट मैच में अब टीम इंडिया नेअपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। न्यूजीलैंड की पहली पारी में बनाए गए 368 रन के जवाब में भारत के लिएकेएल राहुलने शानदार शतक जड़ा, तो कप्तानशुभमन गिल98 रन बनाकर आउट हुए और सिर्फ दो रन से शतक चूक गए। जबकि उनके अलावा टॉप ऑर्डर में शामिलयशस्वी जायसवाल (85)औरदेवदत्त पडिक्कल (80)ने भी दमदार पारियां खेलीं। भारत की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड की टीम अपने घर पर गेंदबाजी के दौरान बैकफुट पर रही और टीम इंडिया अब ड्राइविंग सीट पर आ चुकी है। भारत ने न्यूजीलैंड के 368 रन के जवाब में तीसरे दिन के अंत तक 4 विकेट पर 486 रन का विशाल स्कोर बनाकर 118 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब भारत की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां से कोई करिश्मा होता है, तभी टीम इंडिया हारेगी, अन्यथा उसके जीतने के चांस बढ़ गए हैं। बचे हुए दो दिनों के खेल में टीम इंडिया विशाल बढ़त हासिल करके न्यूजीलैंड को समेटना चाहेगी और पारी से जीत दर्ज करने की ओर बढ़ना चाहेगी।

देवदत्त पडिक्कल शतक से चूके

राहुल के शतक के बाद दूसरे छोर से खेलने वाले देवदत्त पडिक्कल भी फिफ्टी जड़कर खेल रहे थे। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी हो चुकी थी। तभी पडिक्कल को काइल जैमीसन ने क्लीन बोल्ड करके न्यूजीलैंड को लंबे समय बाद दूसरा विकेट दिलाया। इसके चलते भारत के नए नंबर तीन देवदत्त पडिक्कल 175 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 80 रन बनाकर चलते बने। 130 रन पर पहला विकेट खोने वाली भारतीय टीम का दूसरा विकेट 295 रन पर गिरा। पडिक्कल के बाद शुभमन गिल नंबर चार पर आए और उन्होंने राहुल के साथ पारी को आगे बढ़ाया।



केएल राहुल ने शतक से रचा इतिहास

टीम इंडिया ने तीसरे दिन एक विकेट पर159 रन बनाकर आगे खेलना शुरू किया।भारत के लिए तीसरे दिन केएल राहुल ने 54 रन से, तो देवदत्त पडिक्कल ने 16 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया. इन दोनों ने तीसरे दिन भी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को बैकफुट पर रखा और केएल राहुल ने शतक जड़कर इतिहास रच दिया। राहुल ने 207 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से न्यूजीलैंड की धरती पर अपना पहला टेस्ट शतक जमा दिया। इसके चलते वह (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में बतौर ओपनर टेस्ट शतक जमाने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए। अभी तक कोई भी भारतीय ओपनर देशों के सभी चार देशों में शतक नहीं जमा सका था। राहुल जहां देशों में शतक जमाने वाले भारत के पहले ओपनर बने, वहीं वह ऐसा करने वाले दूसरे एशियाई ओपनर भी बन गए हैं। पाकिस्तान के सिर्फ सईद अनवर ही राहुल से पहले देशों के सभी देशों में बतौर ओपनर टेस्ट शतक जड़ सके थे। राहुल के करियर का यह 13वां शतक है और इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर व विराट कोहली के मुकाम पर भी कदम रख दिया है।

गिल की फिफ्टी से टेस्ट में पहली बार हुआ ये बड़ा करिश्मा

शतक जड़ने के बाद भी राहुल ने मोर्चा संभाले रखा और गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी निभा चुके थे। तभी राहुल एक अंदर आती गेंद पर चकमा खा गए और क्लीन बोल्ड हो गए। राहुल 290 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन बनाकर आउट हुए, तो भारत का तीसरा विकेट 386 रन के स्कोर पर गिरा। राहुल के जाने के बाद गिल ने भी फिफ्टी जड़ी, तो देशों में भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब टॉप-4 बल्लेबाजों ने 50 से ज्यादा रन की पारियां खेलीं। गिल के फिफ्टी जड़ने के साथ ही भारत इस करिश्मे को अंजाम दे सका। गिल ने टेस्ट में वनडे स्टाइल से बल्लेबाजी करते हुए 66 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली।

शतक से दो रन दूर रह गए शुभमन गिल

केएल राहुल के आउट होने के बाद ऋषभ पंत मैदान में आए। पंत ने कप्तान गिल का साथ निभायाऔर दोनों ने चौथे विकेट के लिए दिन के अंत तक मजबूत साझेदारी बुनी। शुभमन गिल जब 98 रन पर खेल रहे थे, तभी तीसरे दिन के अंतिम ओवर में जैकब डफी की अंदर आती गेंद को गिल भांप नहीं सके और क्लीन बोल्ड हो गए। इसके चलते शतक के बेहद करीब कप्तान गिल 127 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 98 रन बनाकर चलते बने। जबकि दूसरी तरफ ऋषभ पंत ने 62 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 55 रन की नाबाद पारी खेली। दिन की अंतिम दो गेंद खेलने अंशुल कंबोज नाइट वॉचमैन के तौर पर आए और बिना रन बनाए नाबाद लौटे। इस तरह भारत ने तीसरे दिन की समाप्ति तक चार विकेट पर 486 रन का विशाल स्कोर बना लिया।

गिल और पंत ने डब्ल्यूटीसी के इतिहास में हासिल की बड़ी उपलब्धि

3000 रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले बने भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली, 21 नवंबर। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन के स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले के तीसरे दिन एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। कप्तान



वेलिंग्टन टेस्ट मैच के तीसरे दिन के खेल में टीम इंडिया की पहली पारी में अपने शतक से सिर्फ दो रन से चूक गए जिसमें वह 98 रन पर बोल्ड हुए। वहीं ऋषभ पंत 55 रन बनाकर नाबाद थे। शुभमन गिल और ऋषभ दोनों ने अपनी इस पारी के दम पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में 3000 रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिसमें पहले यह उपलब्धि गिल ने हासिल की तो वहीं इसके कुछ देर बाद पंत भी तीन हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने में कामयाब हो गए। गिल और पंत दोनों ने 43-43 मैच में पूरे किए तीन हजार रन: वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में शुभमन गिल और ऋषभ पंत भारतीय टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिसमें दोनों ने ही के इतिहास में अपने तीन हजार रनों का आंकड़ा 43-43 मैच में पूरा किया। शुभमन गिल का के इतिहास में रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने 43 टेस्ट मैचों की 77 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 43.07 के औसत से 3015 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 10 शतकीय और 10 अर्धशतकीय पारियां देखने को मिली हैं। वहीं ऋषभ पंत को लेकर बात की जाए तो वह अब तक के इतिहास में 43 टेस्ट मैचों में 3003 रन बना चुके हैं।

बीसीसीआई ने इंडिया अंडर-19 महिला टीम का ऐलान किया, भाविका अहिरे बनी कप्तान



नई दिल्ली, 21 नवंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, भारतीय अंडर-19 महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलने वाली है। जिसके लिए बोर्ड ने 15 सदस्यों वाली इंडिया अंडर-19 महिला टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर बल्लेबाज भाविका अहिरे को कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑलराउंडर अनादी तागड़े को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज 26 नवंबर से शुरू होगी। पहले दो मैच वडोदरा में जबकि अंतिम तीन मैच सूरत में खेले जाएंगे। दूसरा टी20 मैच 28 नवंबर को खेला जाएगा। इसके बाद एक, तीन और छह दिसंबर को मैच होंगे। यह सीरीज युवा भारतीय टीम के लिए अपने कॉम्बिनेशन को देखने और ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले मोमेंटम बनाने का एक अहम मौका होगा। भारत अंडर-19 महिला 20 वर्ल्ड कप का दो बार का डिफेंडिंग चैंपियन है, जिसने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में पहला एडिशन जीता था और फिर 2025 में मलेशिया में टाइटल बरकरार रखा था। टीम का मकसद अपना दबदबा बनाए रखना और 2027 में लगातार तीन वर्ल्ड टाइटल जीतना होगा। वर्ल्ड कप से पहले महिला अंडर-19 20 एशिया कप का दूसरा एडिशन भी में 8 से 20 दिसंबर तक होने वाला है। भारत इस कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन का डिफेंडिंग चैंपियन है, जिसने 2024 में मलेशिया में इसका पहला एडिशन जीता था। अंडर-19 विमेंस 20 वर्ल्ड कप 2027 बांग्लादेश और नेपाल मिलकर 21 जनवरी से 6 फरवरी तक होस्ट करेंगे। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी।

द. अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया

नई दिल्ली, 21 नवंबर। बांग्लादेश क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। जहां वो तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने वाली है। अभी दोनों



टीमों के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज चल रही है। जिसके पहले मैच में मेजबान टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दूसरा टेस्ट मैच 23 नवंबर से खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज में आमने-सामने होंगी। टेस्ट सीरीज के बीच में साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने आने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। जिसमें कप्तान टेम्बा बावुमा, कगिसो रबाडा और एडेन मार्करम जैसे कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। जबकि पेसर लुंगी एनगिडी और एनरिक नॉरकिये की टीम में वापसी हुई है। वनडे टीम की कमान टीम के अनुभावी स्पिनर केशव महाराज को सौंपी गई है जबकि ब्योर्न फोर्टुइन 20 सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले भी महाराज कप्तानी की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्होंने 2025 में एक टेस्ट में साउथ अफ्रीका की कप्तानी की थी, जहां उन्होंने जीत हासिल की थी। इसके अलावा, उन्होंने सात मैचों में नेशनल टीम की कप्तानी की है, जिसमें टीम ने दो जीते और तीन हारे हैं। इसके अलावा, टीम ने उनकी कप्तानी में 10 मैच खेले, जिनमें से सात में जीत मिली। वहीं कप्तान के तौर पर फोर्टुइन ने वनडे में 2 जीत और 0 हार और 20 में 4 जीत और 1 हार दर्ज की है।

पूर्व भारतीय कोच पारस म्हाम्ब्रे ने पंजाब किंग्स का थामा हाथ

नई दिल्ली, 21 नवंबर। पंजाब किंग्स की टीम ने आईपीएल 2027 से पहले अपने कोचिंग स्टॉफ में भारतीय दिग्गज को शामिल किया है। पंजाब किंग्स ने भारत के पूर्व बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे को टीम का नया बॉलिंग कोच बनाया है। वह टीम में जेम्स होप्स की जगह लेंगे। मुंबई इंडियंस की टीम ने कुछ दिन पहले ही पारस म्हाम्ब्रे को टीम से अलग करने का फैसला किया था। स्पोर्टस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, 54 साल के पारस म्हाम्ब्रे ने सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। वह आईपीएल 2027 से पहले पंजाब की टीम के साथ जुड़ जाएंगे। पारस म्हाम्ब्रे पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग के साथ एक बार फिर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले मुंबई इंडियंस में रिकी पोंटिंग और पारस म्हाम्ब्रे एक साथ काम कर चुके हैं।

सपोर्ट स्टाफ में बदलाव कर रही है पंजाब किंग्स की टीम: आईपीएल 2027 से पहले पंजाब किंग्स की टीम अपने सपोर्ट स्टाफ में बदलाव कर रही है। टीम के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हैडिन टीम से अलग हो गए हैं। साईराज बहुतुले ने पिछले सीजन के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी छोड़ दी थी और वह भारतीय पुरुष टीम के स्पिन-बॉलिंग कोच नियुक्त किए गए थे। 2022 से 2024 तक टीम इंडिया की कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा थे म्हाम्ब्रे पारस म्हाम्ब्रे 2022 से 2024 के बीच भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के कोचिंग स्टाफ का अहम हिस्सा रहे थे। उनके कार्यकाल में भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में टी-20 वर्ल्ड का खिताब जीता था। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वह मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2025 में जुड़े थे। पारस म्हाम्ब्रे फिलहाल दुबई में हैं, जहां वह 20 में एमिरेट्स के बॉलिंग कोच के तौर पर काम कर रहे हैं।

केएल राहुल सभी 'सैना' देशों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बने

नई दिल्ली, 21 नवंबर। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन 4 विकेट पर 486 रन बनाए हैं। वेलिंगटन में शनिवार को टीम ने पहली पारी में 118 रन की बढ़त भी बना ली है। केएल राहुल ने टेस्ट क्रिकेट का वह मुकाम हासिल किया, जहां तक पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग भी नहीं पहुंच सके। वे सभी 'सैना' देशों यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन गए।

राहुल 'सैना' देश में शतक लगाने वाले 8वें एशियाई बैटर: केएल राहुल चारों देशों में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बने। वे ऐसा करने वाले दूसरे एशियाई खिलाड़ी हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के सईद अनवर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। किसी भी नंबर पर बैटिंग करते हुए अब तक 8 बल्लेबाज सभी देशों में शतक लगा चुके हैं।

94 साल में पहली बार टॉप-5 भारतीय बल्लेबाजों की विदेश में फिफ्टी: भारत 1932 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। 94 सालों में पहली बार ऐसा



हुआ है कि टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में भारत के टॉप-5 बल्लेबाजों ने विदेश में 50 स्कोर बनाया है। वेलिंगटन टेस्ट में अब तक यशस्वी जायसवाल, राहुल, पडिक्कल, गिल और पंत ने 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।

राहुल न्यूजीलैंड में मेडन इनिंग में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय: केएल राहुल न्यूजीलैंड में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने वेलिंगटन में पहली पारी में ही 136 रन बनाए। इसके साथ ही वे न्यूजीलैंड में टेस्ट डेब्यू पारी में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर के 116 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा।

गंभीर और द्रविड़ की क्लब में शामिल हुए राहुल: राहुल 2 शतकीय साझेदारियों में शामिल रहे। उन्होंने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 130 रन और देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 165 रन जोड़े। वे न्यूजीलैंड में एक ही पारी में 2 शतकीय साझेदारियों में शामिल रहने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर ऐसा कर चुके हैं। राहुल 'सैना' देशों में भारत के लिए शुरुआती दोनों विकेटों के लिए शतकीय साझेदारियां करने वाले चौथे खिलाड़ी भी बने। उनसे पहले सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग और सुनील गावस्कर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

राहुल 2021 से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले ओपनर: केएल राहुल 2021 से अब तक टेस्ट में ओपनिंग करते हुए 7 शतक लगा चुके हैं। वे इस पीरियड में सबसे ज्यादा ज्यादा शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज हैं।

पीसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हुए मोहम्मद रिजवान, शान मसूद और सैम अयूब

नई दिल्ली, 21 नवंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 21 नवंबर को नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट को जारी कर दिया है, जिसमें पिछली बार जहां पीसीबी ने 30 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया था तो वहीं इस बार अलग-अलग कैटेगिरी को मिलाकर कुल 38 खिलाड़ियों को साल 2026-27 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह मिली है। इस बार पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कुछ बड़े फैसले भी लिए हैं, जिसमें युवा खिलाड़ियों को जहां जगह मिली है तो वहीं मोहम्मद रिजवान और शान मसूद के अलावा सैम अयूब को शामिल नहीं किया गया है। बाबर आजम और सलमान आगा को मिली टॉप कैटेगिरी में जगह: पीसीबी ने साल 2026-27 के लिए जो प्लेयर्स सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट को जारी किया है उसमें उन्होंने टॉप कैटेगिरी में सलमान आगा और बाबर आजम को जगह दी है। इसमें कुल 38 खिलाड़ियों को 5 अलग-अलग कैटेगिरी में बांटा गया है, जिसमें टेस्ट और वनडे खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए कैटेगिरी, सिर्फ टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को कैटेगिरी, वनडे और टी20 खेलने वाले प्लेयर्स को कैटेगिरी, सिर्फ टी20 खेलने वाले खिलाड़ियों को कैटेगिरी में शामिल किया गया है।

हांगकांग ओपन : सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेमीफाइनल में हारे

नई दिल्ली, 21 नवंबर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और लक्ष्य सेन के शनिवार को सेमीफाइनल में हारने से हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। सात्विक और चिराग की जोड़ी को मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी मान वेई चोंग और टी काई वुन से सीधे गेम में हार मिली। इस साल सिंगापुर और चीन में खिताब जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को 41 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 18-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद लक्ष्य सेन को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 13-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ लक्ष्य का लगातार जीत का सिलसिला भी टूट गया। उन्होंने पिछले दो सप्ताह में हाइलो ओपन और कुमामोटो मास्टर्स जापान के खिताब जीते थे। सात्विक और चिराग इस मैच में विश्व के नौवें नंबर की मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 4-1 के रिकॉर्ड के साथ कोर्ट पर उतरे थे, लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मैच में शुरू से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और वे लगभग बराबरी के साथ आगे बढ़ते रहे। पहले गेम में स्कोर 4-4 से 7-7 हो गया। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली और 10-10 के स्कोर पर मलेशिया की टीम ने अंक बनाकर इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की। सात्विक और चिराग ने इसके बाद भी कड़ी चुनौती दी लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी तथा 18-19 के स्कोर के बाद दो गेम प्वाइंट हासिल किए और पहले पर ही गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय जोड़ी ने एक समय 7-3 की बढ़त बना ली, लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का रुख पलट दिया और स्कोर 9-7 कर दिया। वे इंटरवल तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रहे। मलेशियाई टीम ने अपनी बढ़त को 14-9 कर दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद अच्छी वापसी करके स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। इसके बाद मलेशियाई खिलाड़ियों ने चिराग को निशाना बनाकर मैच प्वाइंट हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया, मेलबर्न में दबदबा बरकरार, निखिल चौधरी चमके

नई दिल्ली, 21 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया ने निखिल चौधरी और जैक एडवर्ड्स के शानदार खेल के बूते इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया। मेलबर्न में हुए मुकाबले में मेजबान को 188 रन का टारगेट मिला था। उसने निखिल चौधरी के 38 गेंद में 66 और आठवें नंबर पर आए एडवर्ड्स के 11 गेंद में 25 रन के बूते एक गेंद बाकी रहते इसे हासिल कर लिया। इससे उसने पांच टी20 की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक के 65 रन के दम पर नौ विकेट पर 187 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में सबसे बड़े रन चेज को हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया।

26 साल के एडवर्ड्स हाल ही में आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बने हैं। वे सनराइजर्स हैदराबाद से ट्रेड के जरिए सीएसके में गए। वे 18वें ओवर में बैटिंग को उतरे तब ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 18 गेंद में 32 रन चाहिए थे और चार विकेट बचे थे। 18वें ओवर में 12



रन आए और निखिल आउट हो गए। अब 12 गेंद में 20 रन की दरकार थी और एडवर्ड्स दो गेंद में तीन रन पर नाबाद थे। उन्होंने 19वें ओवर में विल जैक्स को एक सिक्स लगाया। फिर चौथी गेंद पर उनके शॉट्स से यह बॉलर घायल हो गए। इस ओवर से कुल नौ रन आए। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे।

सैम करन ने आखिरी ओवर डाला। एडवर्ड्स ने छक्के के साथ आगाज किया। अगली गेंद पर दो रन आए। तीसरी डॉट रही। तीन गेंद बची थी और तीन रन की जरूरत रही। एडवर्ड्स ने अगली पर दो रन लिए और पांचवीं पर चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया। उनकी पारी में कुल एक चौका व दो छक्का शामिल रहा। उनकी स्ट्राइक रेट 227.27 की रही। इससे ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में सर्वोच्च टी20 रन चेज का रिकॉर्ड बनाया। उसने श्रीलंका को पछाड़ा जिसने 2017 में ऑस्ट्रेलिया से मिले 169 रन के लक्ष्य को पांच विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया था।

ऑस्ट्रेलिया की लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर जैक फ्रेज़र-मैक्गर्क (1) को गंवा दिया। कप्तान मिचेल मार्श (37) और सैम हार्पर (32) के बीच 50 रन की साझेदारी दूसरे विकेट के लिए हुई। डेब्यू कर रहे हार्पर ने तीन चौकों व दो छक्कों से सजी पारी खेली। मार्श और निखिल ने तीसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़ते हुए टीम को 95 रन तक पहुंचा दिया। मार्श ने तीन चौकों व एक छक्के से 32 गेंद में 37 रन बनाए।

भारत के स्टार खिलाड़ी पंकज आडवाणी सेमीफाइनल में हारे, महिला वर्ग में अनुपमा फाइनल में पहुंची

आज स्नूकर के 2 विश्व चैम्पियन तय होंगे



इंदौर, 21 नवंबर। शहर के यशवंत क्लब में चल रही वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप का शनिवार को समापन होगा। आखिरी दिन पुरुष और महिला वर्ग के विश्व चैंपियन का फैसला होगा। 12 नवंबर से शुरू हुई 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 32 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शनिवार सुबह 10 बजे से दोनों वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग में अनुपमा फाइनल में पहुंचीं: महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन भारत की अनुपमा रामचंद्रन ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड की 57 वर्षीय टेसा डेविडसन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में हांगकांग की शिउ विंग मैन और सो मैन यान आमने-सामने थीं। इंदौर की अमी कामाणी को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। पुरुष वर्ग में पंकज आडवाणी हारे: पुरुष वर्ग में भारत के स्टार खिलाड़ी पंकज आडवाणी सेमीफाइनल में ईरान के अमीर सरखोश से हार गए। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन दिग्विजय कादियान को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। दूसरे सेमीफाइनल में हांगकांग के लैंगयी रयान ली और टैम युन फंग के बीच मुकाबला हुआ। अब शाम को दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे और चैंपियन का फैसला होगा। पुरुष वर्ग के विजेता को मिलेंगे 10 हजार डॉलर: पुरुष वर्ग में कुल 25 हजार डॉलर की न्यूनतम इनामी राशि रखी गई है। विजेता को 10 हजार डॉलर, उपविजेता को 5 हजार डॉलर और दोनों सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ियों को 2500-2500 डॉलर मिलेंगे। क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों को 1000-1000 डॉलर दिए जाएंगे। 100 से अधिक का सर्वाधिक ब्रेक लगाने वाले खिलाड़ी को 1000 डॉलर का विशेष पुरस्कार मिलेगा। महिला वर्ग में कुल 10,500 डॉलर की न्यूनतम इनामी राशि है। विजेता को 4 हजार डॉलर, उपविजेता को 2 हजार डॉलर, सेमीफाइनलिस्ट को 1000-1000 डॉलर और क्वार्टर फाइनलिस्ट को 500-500 डॉलर मिलेंगे। 75 से अधिक का सर्वाधिक ब्रेक लगाने वाली खिलाड़ी को 500 डॉलर का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

ऑकलैंड में भारतीय हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा मैच ड्रॉ खेला

नई दिल्ली, 21 नवंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के अवसर पर खेली जा रही हॉकी श्रृंखला का दूसरा मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। न्यूजीलैंड ने 25वें मिनट में डायलन थॉमस के गोल से बढ़त बनाई, जिसके बाद भारत ने 35वें मिनट में अंगद बीर सिंह के गोल से स्कोर बराबर किया। न्यूजीलैंड ने 56वें मिनट में सैम हिहा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। भारत ने एक बार फिर शानदार वापसी की। कप्तान संजय ने 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच को 2-2 से ड्रॉ पर समाप्त किया। भारत ने 19 नवंबर को तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 3-2 से जीता था। वह अब रविवार को तीसरे और अंतिम मैच में जीत हासिल करके जीत के साथ दौरे का समापन करने की कोशिश करेगा। तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसकी शुरुआत 1926 में हुई थी, जब दिग्गज मेजर ध्यान चंद की अगुवाई वाली भारतीय सेना की हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड का दौरा किया था।